हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 26 अप्रैल 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया सागर...



09 एक ही दिन में 70 अवैध वेंडरों को किया गिरफ्तार...



## खबर संक्षेप

### रोजगार मेला आयोजन के लिए सौंपे दायित्व

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक, युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 14 मई 2026 को पं जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय सोहागपुर जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर श्री मिश्रा द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंपे।

### विश्व मलेरिया दिवस पर हुई कार्यशालाएं

**नर्मदापुरम।** जिला स्वास्थ्य समिति एवं मलेरिया विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'विश्व मलेरिया दिवस' के अवसर पर जिलेभर में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यशालाएं, बैनर-पोस्टर प्रदर्शन तथा रैलियों के माध्यम से नागरिकों को मलेरिया एवं अन्य मच्छरजनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को मलेरिया के लक्षण, उपचार एवं बचाव के उपायों की जानकारी देना था।

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी व उपभोक्ताओं की परेशानी से जुड़ी कई गंभीर कमियां मिलीं

# भीषण गर्मी में गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण, भारी अनियमितताएं उजागर

ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन' की टीम ने दो गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भीषण गर्मी और 44 डिग्री पारे के बीच 'ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोटेक्शन ऑर्गेनाइजेशन' की टीम ने शहर की दो प्रमुख गैस एजेंसियों गरिमा गैस एजेंसी और रंजना गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी और उपभोक्ताओं की परेशानी से जुड़ी कई गंभीर कमियां पाई गईं। निरीक्षण टीम ने पाया कि दोनों ही एजेंसियों के पास इटारसी में स्वयं के गोदाम की व्यवस्था नहीं है। सिलेंडर होशंगाबाद से लाकर सीधे वितरित किए जा रहे हैं।

### एआईसीपीओ टीम के सदस्यों ने देखी व्यवस्थाएं

#### निरीक्षण टीम में शामिल सदस्य

इस दौरान रामनारायण पटेल (प्रदेश उपाध्यक्ष), अजय चौधरी (संभाग अध्यक्ष), जितेंद्र पटेल, राजू अग्रवाल और अखिलेश चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



### उपभोक्ताओं की जेब पर डाका, सुविधाओं का अभाव

टीम के सामने यह बात आई कि 11,000 उपभोक्ताओं वाली इन एजेंसियों में स्टाफ की भारी कमी है। रंजना गैस एजेंसी को तो मात्र एक व्यक्ति द्वारा संचालित किया जा रहा है। वहींउपभोक्ताओं से होम डिलीवरी के नाम पर हॉकर्स द्वारा निर्धारित दर (937 रुपये) से 30 से 50 रुपये अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। बुकिंग के बाद सिलेंडर मिलने में 10 से 15 दिन का समय लग रहा है। एजेंसियों पर उपभोक्ताओं के बैठने तक की सुविधा नहीं है।

#### गरिमा गैस एजेंसी

- यहां सुरक्षा के लिए केवल नाम मात्र के 5-10 किलो के फायर सिलेंडर मिले, जिन्हें ऑपरेट करना हॉकर्स को भी नहीं आता।

#### रंजना गैस एजेंसी

- पुरानी इटारसी स्थित इस एजेंसी पर फायर उपकरणों का पूर्ण अभाव दिखा। यहां लोडिंग गाड़ियों से खुले मैदान में सिलेंडर बांटे जा रहे थे।

#### सख्त निर्देश जारी

संगठन ने दोनों एजेंसियों को व्यवस्था सुधारने की सख्त हिदायत दी है। टीम ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो खाद्य नागरिक आपूर्ति नियंत्रक, नर्मदापुरम के माध्यम से एजेंसियों पर कड़ी दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग

एआईसीपीओ के प्रदेश महासचिव दीपक कुमार बनोरिया के मार्गदर्शन और जिला अध्यक्ष एडवोकेट मनोज शर्मा के नेतृत्व में हुई इस कार्यवाही में पदाधिकारियों ने कलेक्टर से निवेदन किया है कि दोनों एजेंसियों को गोदाम निर्माण की अनुमति दी जाए ताकि वितरण सुचारू हो सके। इस दौरान सदस्यों ने डिलवरीकर्ताओं से भी चर्चा की और गैस सिलेंडर डिलवरी के समय सुरक्षा व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

## जबलपुर-कोयंबटूर एक्सप्रेस से गिरकर दो यात्री घायल, भर्ती

### 108 टीम ने पहुंचाया अस्पताल



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शनिवार सुबह जबलपुर-कोयंबटूर एक्सप्रेस से गिरकर दो यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मेहरागांव सी-केबिन के पास घटित हुआ। घायलों की पहचान मंडला निवासी श्रीलाल परते 38 वर्ष और समीर परते 17 वर्ष के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन की गति तेज होने के कारण दोनों यात्री असंतुलित होकर नीचे गिर पड़े। इस हादसे में श्रीलाल परते को सिर में गंभीर चोट आई है। घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस सेवा तत्काल मौके पर पहुंची।

एम्बुलेंस के ईएमटी विश्राम अहिरवार और पायलट प्रशांत मेहरा ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को मौके पर ही प्राथमिक उपचार दिया और बिना देरी किए उन्हें इटारसी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल डॉक्टरों की देखरेख में दोनों घायलों का उपचार जारी है। रेलवे पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सोहागपुर जनपद में 'जल मंदिर' की स्थापना

**नर्मदापुरम।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था निर्मल विकास सेवा समिति के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत सोहागपुर में 'जल मंदिर' यानी प्याऊ की स्थापना की गई है। 19 मार्च 2026 से 30 जून 2026 तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भीषण गर्मी को देखते हुए यह प्याऊ शुरू की गई है।

## बिजली विभाग की मनमानी पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष के सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में बिजली की अघोषित कटौती और विभाग की कथित मनमानी को लेकर राजनीति गरमा गई है। इटारसी नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर तीखा प्रहार करते हुए इसे 'दहशत राज' करार दिया है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या जनता की समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों की चुप्पी ही 'रामराज्य' की परिभाषा है?



### 'मेंटेनेंस' के नाम पर जनता परेशान

उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व कांग्रेस द्वारा सौंपे गए ज्ञापन के बाद स्थिति में सुधार हुआ था, लेकिन अब दोबारा 'आँख-मिचौली' का दौर शुरू हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली काटी जा रही है, जिससे भीषण गर्मी और दैनिक कार्यों में नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## खाद्य व आपूर्ति निगम महाप्रबंधक ने उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शनिवार को खाद्य एवं आपूर्ति निगम की महाप्रबंधक ऋतु चौहान ने नर्मदापुरम और इटारसी क्षेत्र के विभिन्न शासकीय गेहूं उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। हालांकि अधिकांश केंद्रों पर उपार्जन कार्य सुचारू रूप से चलता मिला, लेकिन जहां भी मामूली कमियां नजर आईं, उन्हें तत्काल दुरुस्त करने की हिदायत दी गई।

महाप्रबंधक चौहान ने सबसे पहले नर्मदापुरम स्थित फौजदार वेयर हाउस और कृषि उपज मंडी के केंद्रों का निरीक्षण किया। भीषण गर्मी को देखते हुए उन्होंने केंद्रों पर किसानों के लिए शीतल पेयजल की समुचित



व्यवस्था, अतिरिक्त पंखे और मटके रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर तौल कांटों की सटीकता जांची और वहां मौजूद किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने मंडी में उपज साफ करने के लिए बड़े पंखे (छन्ना) उपलब्ध कराने को कहा, ताकि किसानों को सफाई के कार्य के लिए बार-बार परेशान न होना पड़े।

## नर्मदा लोक कॉरिडोर में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही मंजूर नहीं होगी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर ने नर्मदा लोक कॉरिडोर निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देशसीएमओ तैयार करें वर्क शेड्यूल, नियमित करें मॉनिटरिंग कलेक्टर की अध्यक्षता में नर्मदा लोक कॉरिडोर की समीक्षा बैठक संपन्नकलेक्टर ने शनिवार को रेवा सभा कक्ष में आयोजित बैठक के दौरान नर्मदालोक कॉरिडोर के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।





उन्होंने निर्माण कार्य हेतु निर्माण एजेंसी के लिए विस्तृत वर्क शेड्यूल तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएमओ नगर पालिका नर्मदापुरम को निर्देशित किया कि वर्क शेड्यूल के कार्यों को साप्ताहिक लक्ष्यों में विभाजित किया जाए तथा प्रत्येक सप्ताह कार्य प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि यथाशीघ्र पूरी टीम को मोबिलाइज कर कार्य में तेजी लाई जाए। बैठक में कलेक्टर ने नर्मदा लोक कॉरिडोर के सुचारू क्रियान्वयन के लिए स्थानीय स्तर पर मैनेजर नियुक्त करने के भी निर्देश दिए।

## मनभावन पेंटिग्स से सजाई जा रही नगर की दीवारें, दिया जा रहा स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण में नंबर 01 बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। नगरपालिका द्वारा गली मोहल्लों में जनजागरूकता अभियान, नाले नालियों की सफाई, घाटों की सफाई आदि अनेक कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही नगर की दीवारों पर मनभावन चित्रकारी की जा रही है।

प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले और स्वच्छता शाखा प्रभारी दीक्षा तिवारी के मार्गदर्शन में स्वच्छ





सर्वेक्षण के साथ ही स्वच्छ भारत अभियान की गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण के अनुसार प्रदेश के 75 शहरों में नर्मदापुरम नगर को शामिल किया गया है। जिसके चलते स्वच्छता को सुनिश्चित करने के प्रतिदिन गतिविधियां चलाई जा रही हैं। जिसमें नगर की समस्त खाली दीवारों पर स्वच्छता जागरूकता संबंधी पेंटिग्स बनवाई जा रही है। नगर की दीवारों पस्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश देने वाले चित्र बनाए जा रहे हैं। जिससे शहर अब अलग लुक में दिखने लगा है।

## सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने की राज्यपाल गहलोत से भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत से की भेंट राजभवन बेंगलुरु में होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान पचमढ़ी सहित क्षेत्र के समग्र विकास एवं अन्य समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई। सांसद चौधरी ने क्षेत्रीय विकास, पर्यटन संवर्धन तथा आधारभूत संरचना को मजबूत करने से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

## गर्मी से जूझते किसानों को मंडी और खरीदी केंद्रों पर मिलेगी मेडिकल किट की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कलेक्टर सोमेश मिश्रा की संवेदनशील सोच के अनुरूप जिले में संचालित गेहूं एवं चना उपार्जन प्रक्रिया के तहत उपार्जन केंद्रों पर किसानों एवं हम्मालों की स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण पहल की गई है। इसके तहत प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर 'किसान मेडिकल किट' उपलब्ध कराई जा रही है।

इसी क्रम में कलेक्टर मिश्रा ने इटारसी स्थित रैसलपुर उपार्जन केंद्र दादाजी वेयरहाउस पहुंचकर किसानों को किसान मेडिकल किट वितरित की। साथ ही जिले के अन्य उपार्जन केंद्रों पर भी इसी प्रकार





मेडिकल किट उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है। डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी जिला आपूर्ति अधिकारी नीता कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों को 75 मेडिकल किट उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अतिरिक्त अन्य उपार्जन केंद्रों पर भी किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स को निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में किसानों को होने वाली असुविधाओं को ध्यान में रखते हुए मेडिकल किट में ओआरएस घोल सहित अन्य आवश्यक दवाइयां शामिल की गई हैं, जिससे जरूरत पड़ने पर तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध हो सके।

### नर्मदापुरम पुलिस का विशेष अभियान में दी समझाइश

## अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट पहनने से मृत्यु का जोखिम 42% और सिर की गंभीर चोट का खतरा 69% तक हो जाता है कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मध्य प्रदेश में बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने के कारण बढ़ती दुर्घटनाओं और मृत्यु दर पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन सख्त हो गया है। पुलिस अधीक्षक साईंकृष्णा एस. थोटा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में जिले भर में 26 अप्रैल से 10 मई तक एक विशेष हेलमेट जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

### चिंताजनक हैं आंकड़े

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टों के अनुसार, दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में से लगभग 80 प्रतिशत लोग हेलमेट नहीं पहने होते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अच्छी गुणवत्ता का हेलमेट पहनने से मृत्यु का जोखिम 42% और सिर की गंभीर चोट का खतरा 69% तक कम हो जाता है।





### लाइसेंस निलंबन और सख्त कार्यवाही

इस अभियान के दौरान न केवल बिना हेलमेट चलने वालों पर जुर्माना लगाया जाएगा, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी की जाएगी। पुलिस की POS मशीनों में लाइसेंस निलंबन का डेटा दर्ज रहेगा। यदि कोई व्यक्ति निलंबित लाइसेंस के साथ दोबारा वाहन चलाते पकड़ा जाता है, तो उस पर और अधिक कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वाहन स्वामी पर गाजः यदि चालक के पास वैध लाइसेंस नहीं है, तो वाहन के मालिक के विरुद्ध भी कार्यवाही की जा सकती है।

### जागरुकता पर जोर

सिर्फ चालान ही नहीं, बल्कि पुलिस इस दौरान थाना स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करेगी। गौरतलब है कि पिछले वर्ष में नर्मदापुरम पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों से 17 लाख रुपये से अधिक की जुर्माना राशि वसूल की थी। पुलिस का मुख्य उद्देश्य राजस्व वसूलना नहीं, बल्कि नागरिकों की जान बचाना है।

### इटारसी में "नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा" का समापन किया गया

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक आयोजित "नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा" का समापन शनिवार को शक्ति सदन इटारसी में किया गया। शासन के निर्देश पर आयोजित इस पखवाड़े में महिलाओं के सशक्तिकरण और जागरूकता के लिए नारी शक्ति पदयात्रा, दीवार लेखन, महिला स्व-सहायता समूहों की सहभागिता, गोष्ठी, सेमिनार, विद्यालयों-महाविद्यालयों में व्याख्यान, सोशल मीडिया प्रचार एवं ग्राम सभाओं में विशेष चर्चा जैसे कार्यक्रम हुए। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रियंका मालवीय ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनने के लिए गृह उद्योगों की जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 5 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

## मां नर्मदा के प्रवाह सम प्रवाहित हो नर्मदांचल की साहित्य धारा: पंडित सोमेश परसाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

साहित्य एवं समाज को समर्पित केप्टिन किशोर करैया के जन्म दिवस पर शनिवार को धर्माचार्य पं. सोमेश परसाई के मुख्य आतिथ्य व पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा की अध्यक्षता में साहित्यिक आयोजन हुआ। सेठानी घाट के समीप अग्रवाल होटल में हुए आयोजन में अन्य अतिथियों के रूप में ऋषि श्रृंगारी, अशोक श्रीवास्तव, डॉ. गजेंद्र कौशल, हंस राय उपस्थित रहे।

धर्माचार्य पं. सोमेश परसाई ने कार्यक्रम में कहा कि नर्मदा के प्रवाह की भांति नर्मदा आव्हान सेवा समिति द्वारा नर्मदांचल की साहित्य धारा अविरल प्रवाहित होती रहे। कार्यक्रम की अध्यक्ष पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने कहा कि कैप्टन करैया तीन दशकों से समाज और साहित्य





के लिए समर्पित व्यक्तित्व हैं। आयोजन को ऋषि श्रृंगारी, हंसराय डॉक्टर गजेंद्र कौशल ने भी संबोधित किया। आयोजन समिति संरक्षक सुनील केहरी व संयोजक नवीन हरियाले ने बताया कि प्रातः 11 बजे से आयोजन शुरू हुआ। जिसमें ऋषि श्रृंगारी,अमित बिल्लौरे सोहागपुर, जयकृष्ण चांडक हरदा आदि की गरिमामय उपस्थिति में नर्मदापुरम जिला सहित मप्र के 50 से अधिक कवियों ने प्रस्तुति दी। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन से हुआ। अतिथियों का स्वागत सुनील केहरी, केप्टिन करैया, हंस राय, बलराम शर्मा, जय कृष्ण चांडक, नवीन हरियाले, रामेश्वर यादव, पवन सराठे, अभिलाषा श्रीवास्तव, रोशनी रावत आदि ने किया। स्वागत भाषण नवीन हरियाले ने दिया तथा प्रस्तावना सुनील केहरी ने रखी।

## खबर संक्षेप

### आईटीआई नर्मदापुरम में प्लेसमेंट ड्राइव 27 को

**बैतूल।** शासकीय संभागीय आईटीआई नर्मदापुरम में 27 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। शासकीय आईटीआई बैतूल प्राचार्य शुभम वानखेड़े ने बताया कि कौशल विकास संचालनालय मप्र के निर्देशानुसार ग्रेव एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड 8 जी डबल्यू- एमपी प्रोजेक्ट मोहासा बाबई द्वारा आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक के पात्र ट्रेड सोलर टेक्नीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रुमेंटेशन, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रिशियन एवं मैकेनिकल उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों का 1000 से अधिक पदों के लिए चयन होगा।

### कल खाद बीज, कीटनाशक की दुकानें पूर्णतः बंद रहेगी

**बैतूल।** देश के समस्त खाद बीज एवं कीटनाशक व्यापारी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। कृषि आदान विक्रेता संघ के अध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि कल 27 अप्रैल को देश के समस्त खाद बीज एवं कीटनाशक व्यापारी विभिन्न समस्याओं को लेकर एक दिन की हड़ताल पर रहेंगे। कोषाध्यक्ष निलेश खंडेलवाल ने बताया कि जिले के सभी खाद बीज एवं कीटनाशक व्यापारी हड़ताल के साथ ही केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उर्वरक एवं रसायन मंत्री जेपी नड्डा के नाम से कलेक्टर बैतूल को सुबह 11 बजे अपनी 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे और जिले में दुकानें बंद रहेगी। सचिव चंद्र किशोर प्रजापति ने सभी से उपस्थित रहने की अपील की है।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज 26 को होगा

**बैतूल।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत बैतूल के तत्वावधान में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन 26 अप्रैल को प्रातः 11 बजे पुलिस ग्राउंड बैतूल में किया जाएगा। कार्यक्रम में वर-वधू एक साथ विवाह बंधन में बंधेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके एवं मध्यप्रदेश शासन के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री व प्रभारी मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल उपस्थिति प्रस्तावित है।

### आयुष विभाग ने योग शिविर किए आयोजित

**बैतूल।** 21 जून को आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस की तैयारियों के तहत आयुष विभाग द्वारा काउंटडाउन का तीसरा चरण (50 दिन पूर्व) उत्साहपूर्वक संपन्न किया गया। जिले में आयुष विभाग की टीम प्रोटोकॉल के अनुसार पूरी सक्रियता के साथ तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी हुई है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि योग से निरोग के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को जिले की सभी आयुष संस्थाओं द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में योग शिविर आयोजित किए गए। इन शिविरों में विद्यार्थियों एवं आमजनों को योग के महत्व से अवगत होंगे।

## पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार, बालिका दस्तयाब कर जांच जारी

# नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले गया सागर, आरोपी पर दुष्कर्म का केस दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के गंभीर मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पीड़िता को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया गया है। शिकायत के बाद हरकत में आई पुलिस प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 नवंबर 2025 को फरियादी ने थाना मुलताई में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्ति उनकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल एक विशेष टीम का गठन किया। टीम ने संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी और मुखबिर तंत्र के साथ-साथ तकनीकी साक्ष्यों का सहारा लेकर बालिका और आरोपी की तलाश जारी रखी। बालिका सुरक्षित मिली, आरोपी की पहचान हुई लगातार प्रयासों के बाद 24 अप्रैल 2026 को पुलिस ने नाबालिग बालिका को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में बालिका ने बताया कि आरोपी सागर खपरिये (23 वर्ष), निवासी ग्राम लाखापुर, थाना मुलताई उसे बहला-फुसलाकर ले गया और उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। ग्राम लाखापुर से आरोपी गिरफ्तार सूचना के आधार पर पुलिस ने ग्राम लाखापुर में दबिश देकर आरोपी को 24 अप्रैल 2026 को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को विधिवत न्यायालय में पेश किया गया, जहां आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका थाना प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार, उपनिरीक्षक सुनील सरेयाम, उपनिरीक्षक मोनिका पटले, आरक्षक मेघा धुर्वे, प्रिंस, अरविन्द एवं सैनिक ज्वालासिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### कोतवाली पुलिस ने 12 घंटे में अपहृत बालिका को किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** कोतवाली पुलिस ने 12 घंटे में अपहृत बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को बालिका के परिजनों द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। थाना कोतवाली से विशेष टीम गठित कर संभावित स्थानों पर सतत दबिश दी गई एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपहृत बालिका को 12 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब किया गया। पुलिस द्वारा बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी रितेश पिता किशोरी धुर्वे (20) को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। उक्त कार्रवाही में उप निरीक्षक राकेश सरयाम, उप निरीक्षक चित्रा कुमरे, सहायक उप निरीक्षक प्रवीण पचोरी, प्रधान आरक्षक नानकराम, आरक्षक ओंकार एवं आरक्षक रोहित सराहनीय भूमिका रही।

## तीन अलग-अलग हादसों में तीन की मौत

### सडक़ हादसों में 2 की गई जान, एक ने किया सुसाइड



**बैतूल।** शुक्रवार रात तीन अलग-अलग घटनाओं में 3 लोगों की जान चली गई। बैतूल-आमला मार्ग और गोंदी गोला के पास हुए दो सडक़ हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, चिचोली थाना क्षेत्र के सेहरा गांव में एक व्यक्ति ने पारिवारिक विवाद के चलते जहर पीकर आत्महत्या कर ली। अस्पताल की सूचना पर पुलिस तीनों मामलों में जांच कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाघवाड़ सोमवारी के पास शुक्रवार शाम को मजदूरी कर लौट रहे 23 वर्षीय गोलू (पुत्र जगन उइके) को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। परिजनों को फोन पर सूचना मिली, जिसके बाद अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना में गोंदी गोला निवासी 23 वर्षीय रोशन (पुत्र पिंटू टेकाम) शादी समारोह से लौटते वक्त देर रात गांव के पास सडक़ किनारे अचेत अवस्था में मिला। वह बाइक पर अकेला था और अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। इधर सेहरा गांव निवासी 35 वर्षीय राजकुमार (पुत्र शिवराम) रात करीब 8 बजे खेत से लौटा था। कुएं में मोटर डालने के लिए उसने अपनी मां से तीन हजार रुपए मांगे थे। पैसे न मिलने पर घर में विवाद हुआ, जिसके बाद उसने खरपतवार नाशक दवा पी ली। आईसीयू में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस उक्त मामलों की जांच कर रही है।

## तेज रफ्तार दुग्ध वाहन ने खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, एक की मौत, तीन गंभीर घायल



**मुलताई।** नागपुर नेशनल हाईवे-47 पर शुक्रवार रात करीब 10 बजे एक दर्दनाक सडक़ हादसा हो गया। चिचंडा बस स्टॉप के पास हुई इस दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार , भूसे से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली सडक़ किनारे खड़ी थी। ट्रॉली का टायर बदला जा रहा था और पास में खड़े लोग पानी पी रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहा एक दुग्ध वाहन चालक लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई और उसके आसपास मौजूद लोग उसकी चपेट में आ गए। हादसे में चिरौंजी उइके, ऊदल बरखेड़े और बाबूलाल उइके सहित चार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल मुलताई के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद खेड़ीदेवनाला निवासी रामदेव पिता रामलाल उइके को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। ग्रामीणों ने चालक को पकडक़र पुलिस के हवाले किया हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने दुग्ध वाहन के चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वाहन अत्यधिक तेज गति में था, जिससे चालक नियंत्रण खो बैठा और दुर्घटना हो गई।

## ग्रामीणों ने की भागीदारी

# सामुदायिक जागरुकता अभियान में किया गया शिविर का आयोजन




**शाहपुर।** ग्राम चिचढाना (ग्राम पंचायत सराड) में सामुदायिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत साथिया वेलफेयर सोसाइटी द्वारा एक दिवसीय कैंप का आयोजन माध्यमिक स्कूल चिचढाना में किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। कैंप के दौरान 105 लोगों का पंजीकरण किया गया जिसमें 62 हितग्राहियों का आयुष्मान पंजीयन, 37 लोगों का संबल योजना में पंजीयन एवं 6 लोगों की केवायसी की गई, जिससे पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से जोडऩे में महत्वपूर्ण प्रगति हुई। कैंप में विभिन्न विषय विशेषज्ञों द्वारा सामाजिक मुद्दों एवं शासकीय योजनाओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में जितेन्द्र प्रजापति (कोऑर्डिनेटर, साथिया वेलफेयर सोसायटी) ने संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्य से अवगत कराया। इसके पश्चात दीपमाला खातरकर ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, विधिक सेवा केंद्रों के माध्यम से योजनाओं तक पहुंच, आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अधिकारों, वन स्टॉप सेंटर, पास्को कानून एवं टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों पर विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद पूनम अतुलकर (सामाजिक कार्यकर्ता) ने सुरक्षित माइग्रेशन की आवश्यकता पर बल देते हुए बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों पर जागरूकता प्रदान की। वहीं, चारुलता वर्मा (काउंसलर, महिला एवं बाल विकास) ने बाल संरक्षण, बाल यौन शोषण, बंधुआ मजदूरी एवं

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में मनाया विश्व मलेरिया दिवस



शाहपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहपुर में विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी शिव कुमार रघुवंशी एवं बीपीएम बलदेव नागले, बीईई अंबादास नागले, बीसीएम क्रांति यादव मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर सुबोध गढ़वाल एसटीएस प्रणय नायक बैठक में उपस्थित रहे। इस अवसर पर मलेरिया से बचाव की जानकारी दी गई। विश्व मलेरिया दिवस पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी शिव कुमार रघुवंशी ने कहा कि घर के आसपास मच्छर उत्पत्ति स्थलों को नष्ट करें। मच्छरदानी लगाकर सोए। बुखार आने पर मलेरिया की जांच निकटम स्वास्थ्य केंद्र पर करवाए। ग्राम में आशा कार्यकर्ता से मलेरिया की जांच करवाए। स्वास्थ्य केंद्र में सिस्टर या निकटम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आकर मलेरिया की जांच करवाए। अन्य ऑथराइज्ड पर्सन से मलेरिया की जांच करवाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। एमटीएस सुबोध गढ़वाल ने बताया कि ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ता निशुल्क मलेरिया की जांच एवं उपचार करती हैं।

# कलेक्टर ने छात्रावास का निरीक्षण कर छात्रों के साथ खेला वॉलीबॉल

## लाइब्रेरी व कंप्यूटर लैब क्रियाशील रखने के निर्देश



**बैतूल/शाहपुर।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गत दिवस शाहपुर भ्रमण के दौरान ग्राम बीजादेही स्थित राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह सीनियर बालक छात्रावास का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में रह रहे छात्रों से संवाद कर नाश्ते व भोजन की उपलब्धता, समयबद्धता, उनके गृह ग्राम तथा अधीक्षक के व्यवहार के संबंध में जानकारी ली।

कलेक्टर डॉ सोनवणे ने छात्रावास में स्मार्ट क्लास, कंप्यूटर लैब और पुस्तकालय का निरीक्षण किया। स्मार्ट क्लास का नियमित संचालन नहीं पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि वर्तमान समय में ई-कंटेंट के माध्यम से अध्ययन अत्यंत आवश्यक है, इसलिए स्मार्ट क्लास का नियमित संचालन सुनिश्चित किया जाए। कंप्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों के कंप्यूटर ज्ञान का भी परीक्षण किया। पुस्तकालय निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि अनिवार्य पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा पुस्तकों को सुव्यवस्थित ढंग से रखा जाए, ताकि छात्र आसानी से विषयवार पुस्तकों का चयन कर सकें। उन्होंने बीईओ को निर्देशित किया कि सभी छात्रावासों में कंप्यूटर लैब एवं पुस्तकालय पूर्ण रूप से क्रियाशील रहें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने भोजनशाला का भी जायजा लिया और कर्मचारियों से भोजन निर्माण व वितरण के समय की जानकारी ली।

## समग्र की जानकारी से परेशानी

# पोर्टल पर गलत उम्र दर्ज, लाडली बहना योजना से वंचित हुई महिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

समग्र पोर्टल पर गलत उम्र की जानकारी अंकित करने से महिला लाडली बहना योजना से वंचित हो गई। शाहपुर निवासी अनीता महोबिया ने बताया कि वह आज लगभग एक वर्ष से लाड़ली बहना योजना के लाभ से वंचित हैं। उन्हें लाडली बहना योजना की प्रारंभ की चार पांच किश्तों का लाभ मिला। फिर अचानक लाडली बहना योजना का लाभ मिलना बंद हो गया। जिसकी सूचना उन्होंने नगर परिषद शाहपुर और 181 पर दी। फिर भी उन्हें लाडली बहना योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। क्योंकि समग्र आईडी में उनकी उम्र 124 वर्ष दिखाई है। साथ ही उनकी बेटी की उम्र भी 124 वर्ष दर्शाई है। उनके द्वारा पोर्टल पर की गई गलती को सुधार भी लिया है। पोर्टल पर कार्य करने वाले कर्मचारी की गलती के कारण उन्हें लाडली बहना योजना के लाभ का नुकसान हुआ है। अब वे परेशान होकर नगर परिषद शाहपुर के चक्कर लगा रही हैं। उनकी कोई मदद नहीं हो पा रही है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली के आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 692 मरीजों का किया उपचार



**बैतूल।** जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार के माध्यम से जिले में 20 स्वास्थ्य शिविर लगाने की प्राप्त स्वीकृति के परिपालन में 25 अप्रैल 2026 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोली में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर परिषद अध्यक्ष वर्षा जितेश मालवीय, उपाध्यक्ष वर्षा संजय अवालेकर, अनिल कुशवाह द्वारा किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाड़े ने बताया कि शिविर में कुल 692 मरीजों का पंजीकरण कर उपचार किया गया, शिविर में जिला चिकित्सालय से स्त्री रोग शिशु रोग दंत रोग, मानसिक रोग विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का परीक्षण कर उपचार किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधि कांति यादव, शंकरराव चढ़ोकार, अमन अवलेकर, उमेश पेठे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश परिहार, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिनव शुक्ला, डीपीएम विनोद शाक्य, चिकित्सा स्टाफ, बीईई, बीपीएम, बीसीएम, स्वास्थ्य स्टाफ, आशा कार्यकर्ता एवं महिला एवं बाल विकास विभाग उपस्थित रहे।

## आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यान आयोजित

# सनातन धर्म के सूत्रवाहक एवम अद्वैतवाद के ध्वजवाहक हैं आदिगुरु



**बैतूल।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला बैतूल द्वारा शासकीय जयवंती हक्सर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गायत्री परिवार से गोसेवक उत्तम गायकवाड़, वरिष्ठ समाजसेवी योगी खंडेलवाल, संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने बताया कि आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान, व्यक्तित्व एवं कृतित्व से समाज को अवगत कराने हेतु जिले में 22 से 30 अप्रैल 2026 तक 51 स्थानों पर जिला स्तरीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है। वरिष्ठ समाजसेवी योगी खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि आदि शंकराचार्य अद्वैतवाद के ध्वजवाहक हैं और उनका अखंड विश्वास मानव एकता एवं भाईचारे पर आधारित था। वे भारतीय दर्शन के महान तत्वज्ञानी थे तथा वर्तमान सनातन धर्म उनके द्वारा प्रतिपादित स्वरूप से आलोकित है। मुख्य अतिथि उत्तम गायकवाड़ ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य ने संपूर्ण भारत में भ्रमण कर वैदिक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना की। वे सनातन धर्म के पुनरुद्धारक, चारों वेदों पर आधारित शैक्षिक व्यवस्था के प्रणेता एवं सर्वशास्त्रार्थ विजेता थे। संभाग समन्वयक कौशलेश प्रताप तिवारी ने बताया कि शंकराचार्य ने भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया तथा चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना कर समाज में एकता स्थापित की। कार्यक्रम में शंकराचार्य के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि उन्होंने अल्पायु में ही गृह त्याग कर समाज को एकजुट करने का कार्य किया। वर्तमान समय में भी समाज को जाति एवं वर्ग भेद मिटाकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से कार्य करने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता सुनील शंकर पंवार द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन परामर्शदाता राजू आठनेरे ने किया। उन्होंने सभी सहभागियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए ग्राम स्तर पर कार्य करना अत्यंत आवश्यक है।

## महिला आक्रोश सम्मेलन सहित जन आक्रोश पदयात्रा संपन्न

# बहनों का आक्रोश समाज में लाएगा जागृतिः खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में महिला जन आक्रोश को लेकर महिला जन आक्रोश सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि हमारे समाज की शक्ति बहने है जिस समाज और राष्ट्र में महिलाओं को अधिकार से वंचित किया वे समाज और राष्ट्र समाप्त हो गए।

हम शुरूवात से ही महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे है। लोकसभा में जिस तरह विपक्ष ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम की खिलाफत की है उसके खिलाफ आज महिलाएं आक्रोशित है। महिलाओं का यह आक्रोश हर गली और गांव सहित देश में जाग्रति का काम करेगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि व्यक्ति, परिवार, समाज ,राष्ट्र और विश्व की शक्ति नारी शक्ति है। परिवारवादी राजनीतिक दलों ने महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित करने का काम किया है। ऐसे राजनीतिक दल सिर्फ आपने परिवार की महिलाओं के लिए प्रतिबंद्व है। इन राजनीतिक दलों के लिए सत्ता भोग का विषय है भाजपा के लिए राष्ट्र सेवा का संबध हम इस तरह समझ सकते है कि हमने राष्ट्र को माता की तरह प्रेम किया है। वहीं कांग्रेस के लिए प्रियंका और सोनिया और अखिलेश के लिए उनकी पत्नि डिम्पल यादव ही सर्वे सर्वा है। हम सबकी भागीदारी नीति निर्धारण में चाहते है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि इंडी गठबंधन ने देश की आधी आबादी की आकांक्षाओ का गला लोकसभा सत्र में घोटा है।




महिलाएं इस अपमान को कभी माफ नही करेगीं। जिन लोगो ने महिलाओं के अधिकारों के साथ लोकसभा में वंचित किया उन राजनीतिक दलो को भविष्य में महिलाएं सबक सिखाएगीं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रीय सचिव पूर्व सांसद ज्योति धुर्वे ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार भाजपा ने कही महिला आरक्षण की बात कही देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को उनका हक दिलाने का प्रयास किया। लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगियो ने महिलाओं को उनके हक से वंचित किया। अपने हक के लिए हम हर पल संघर्ष करेगें और अपने हक को लेकर रहेगें। संम्मेलन को संबोधित करते हुए घोडाडोंगरी विधायक गगा उइके ने कहा कि जब कोई कार्य करने की हमारी मंशा हो और लोग उस कार्य को बिगाडे तो हमे गुस्सा आता है। कांग्रेस ने जान बुझकर महिलाओं का अपमान किया है। उस अपमान से हर महिला आक्रोशित है हमारी संस्कृति में हर धार्मिक सामाजिक कार्यो की शुरूवात में हम कन्यापूजन करते है। इसी प्रकार का महत्व राजनीति में भी मिलना चाहिए। लेकिन कांग्रेसी और उसके सहयोगी महिलाओं को सम्मान की नजर से नही देखते मोदी जी के नेतृत्व में शौचालय निर्माण , तीन तलाक और हर घर नल से जल जैसी योजनाएं महिलाओं के मान और सम्मान के रक्षा करने वाली है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने कहा कि भाजपा ने शुरूवात से ही महिलाओं के सशक्तिकरण का कार्य किया है।

लाडली लक्ष्मी योजना हो या लाडली बहना योजना, पंचायत व निकाय चुनाव में 50 प्रतिशत आरक्षण भाजपा के रीति नीति का परिणाम है। लेकिन कांग्रेस ,टीएमसी और डीएमके ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के विधेयक को गिराने का काम किया है। इन्हे महिलाओं का श्राप लगेगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भैसदेही विधायक महेन्द्रसिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऐतिहासिक निर्णय लिए गए है धारा 370 हटानी हो या तीन तलाक का मुददा हर जगह निर्णयों की शक्ति देखी जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### अभिज्ञान पुरोहित बनेंगे इसरो में वैज्ञानिक



**सोहागपुर।** सोहागपुर ब्लॉक के लिये गौरव का क्षण आया है। ब्लॉक के ग्राम शोभापुर शासकीय शिक्षक राजेश पुरोहित माध्यमिक शाला कोहानी के पुत्र अभिज्ञान पुरोहित को इसरो में इंजीनियर इलेक्ट्रिक पोस्ट के लिये हुई परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त हुई है। जानकारी अनुसार उक्त परीक्षा में अभिज्ञान पुरोहित ने देश में द्वितीय रैंक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। इस सफलता पर चयनित युवा के माता-पिता और पूरे परिवार को इस अपार खुशी के अवसर पर क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

### विशेष स्वास्थ्य परीक्षण का किया आयोजन

**पिपरिया।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत पनारी में स्थित सब जेल परिसर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में उप जेल परिसर में बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण एवं विधिक साक्षरता सेवा प्राधिकरण शिविर में राजेश कुमार अग्रवाल प्रथम जिला न्यायाधीश द्वारा सहायक उप जेल अधीक्षक मनीष पवार को निर्देशित किया गया ।

### रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ का 'मेगा अभियान' जारी

# एक ही दिन में 70 अवैध वेंडरों को किया गिरफ्तार, 66 हजार का लगाया जुर्माना

इटारसी आउटर पर खड़ी ट्रेनों मे चढ़कर सामान बेचने वाले अवैध वेंडरों पर पुलिस ने अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत आरपीएफ पुलिस ने 77 अवैध वेंडरों को गिरफ्तार किया तथा 66 हजार का जुर्माना भी लगाया। विदित हो कि अवैध वेंडरों से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा से खिलवाड़ करने वाले तत्वों के विरुद्ध रेलवे सुरक्षा बल इटारसी ने ताबड़तोड़ कार्रवाई को अंजाम दिया है। आरपीएफ भोपाल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक के निर्देशन में चलाए गए इस विशेष अभियान ने स्टेशन पर हड़कंप मचा दिया है।

#### ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया

आरपीएफ इटारसी ने स्टेशन परिसर, आउटर और ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान विभिन्न रेल अधिनियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 70 व्यक्तियों को रंगे हाथों दबोचा गया। इन सभी आरोपियों को भोपाल स्थित माननीय रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए दोषियों पर कुल 66,000 रुपये का आर्थिक दंड लगाया।

इटारसी जैसे महत्वपूर्ण जंक्शन पर इतनी बड़ी संख्या में वेंडरों का पकड़ा जाना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि यहां अवैध वेंडिंग का जाल काफी गहरा फैला हुआ है। आरपीएफ की इस निरंतर कार्रवाई ने अवैध वेंडिंग के गोरखधंधे की कमर तोड़ दी है।

#### आगे जारी रहेगी कार्रवाई

आरपीएफ प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि आउटरों और ट्रेनों में यात्रियों को परेशान करने वाले अनाधिकृत व्यक्तियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। आरपीएफ की इस कार्रवाई की आम रेल यात्रियों ने भी सराहना की है, क्योंकि इससे ट्रेनों में भीड़ कम होगी और यात्रा अधिक सुरक्षित महसूस होगी।

#### कौन-कौन चढ़ा हत्थे?

- आरपीएफ द्वारा गठित विशेष टीमों ने न केवल अवैध वेंडरों पर नकेल कसी, बल्कि अन्य अराजक तत्वों को भी सबक सिखाया।
- अवैध वेंडरिंग : 25 अनाधिकृत वेंडर गिरफ्तार (खाद्य सामग्री की गुणवत्ता पर बड़ा प्रहार)।
- महिला/दिव्यांग कोच : आरक्षित कोचों में अनाधिकृत रूप से यात्रा करने वाले 32 पुरुष (21 महिला कोच + 11 दिव्यांग कोच)।
- ट्रेसपासिंग : पटरी पार करने और प्रतिबंधित क्षेत्र में घूमने वाले 12 व्यक्ति।
- चेन पुलिंग : बिना ठोस कारण ट्रेन रोकने वाला 01 व्यक्ति।
- अन्य : इसके अलावा किन्नरों और स्टेशन पर न्यूसेंस फैलाने वालों के विरुद्ध भी धरपकड़ जारी रही।
- संयुक्त मोर्चे ने दी सफलता
- इस व्यापक अभियान को सफल बनाने के लिए आरपीएफ ने अकेले दम पर नहीं, बल्कि एक संयुक्त टास्क फोर्स के रूप में काम किया। इसमें रेलवे के वाणिज्य विभाग, आईआरसीटीसी, डीसीआई, स्टेशन प्रबंधक और स्वास्थ्य विभाग का भरपूर सहयोग लिया गया।

## मेहरागांव में पिता पर पुत्र ने किया हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मेहरागांव क्षेत्र स्थित सी-केबिन के पास बीती रात पारिवारिक विवाद में मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पुत्र के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, फरियादी श्रीराम मोरे पिता स्व. रामरतन मोरे, 60 वर्ष, निवासी सी-केबिन मेहरागांव, ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके ही पुत्र शेर सिंह मोरे ने शराब के नशे में उनके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपी ने पास पड़ी ईंट उठाकर अपने पिता के साथ मारपीट की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इटारसी थाने के उपनिरीक्षक प्रवीण यादव ने बताया कि घटना 24 अप्रैल की रात लगभग 1 बजे की है, जिसकी रिपोर्ट सुबह 05:53 बजे दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपी शेर सिंह मोरे के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वार्ड 1 में जल संकट में युवा नेता गौरव आगे आए, निजी टैंकर से बुझाई प्यास



**इटारसी।** वार्ड क्रमांक 1 स्थित श्रीराम प्रजापति वाली गली में शनिवार को पानी की सप्लाई ठप होने से कई परिवार पेयजल के लिए परेशान हो उठे। भीषण गर्मी में पानी की किल्लत की सूचना मिलते ही जिला युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष गौरव चौधरी (गोल्डी) ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत मोर्चा संभाला। उन्होंने अविलंब अपने निजी टैंकर भेजकर प्रभावित परिवारों को पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित कराई। इस त्वरित मदद पर पार्षद दिलीप गोस्वामी ने उन सभी परिवारों की ओर से गौरव चौधरी का आभार व्यक्त किया जिनके घरों में पानी नहीं पहुँच सका था। गौरव चौधरी ने कहा कि युवक कांग्रेस जनसमस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने युवा नेतृत्व की इस सेवा भावना की सराहना की।

## उपजेल में स्वास्थ्य व विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

उपजेल सिवनीमालवा में विशेष स्वास्थ्य शिविर एवं विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें परिरुद्ध बंदियों को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ कानूनी जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सुश्री सरोज डेहरिया मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। न्यायाधीश सरोज डेहरिया ने बंदियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब आप सभी यहां से वापस अपने घर जाएं तो इसके बाद कोई भी आपराधिक कृत्य न करें, ताकि दोबारा यहां आने की नौबत न आए। उन्होंने कहा कि सभी बंदी अपने परिवार और समाज के साथ मिलजुलकर रहें तथा नए जीवन की शुरुआत करें।शिविर में उपजेल अधीक्षक ऐश्वर्य मिश्रा, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. कान्ती बाथम, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभम खोदरे, डॉ. ब्रजेश राजपूत, सपोर्टिंग स्टाफ आनंद कुशवाह सहित जेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वार्ड 3 और 33 में जल संकट दूर करने की कवायद, सफाई पर सख्ती

### वार्डवासियों के बीच पहुंच नपाध्यक्ष पंकज चौरे, आम लोगों की सुनी शिकायतें, जमा कचरे पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



शहर के वार्डों में गहराते जल संकट और सफाई व्यवस्था की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने शनिवार को मोर्चा संभाला। वार्ड 33 राठी कॉलोनी और वार्ड 3 हाउसिंग बोर्ड जैसे प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर उन्होंने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। राठी कॉलोनी में गिरते भू-जल स्तर के कारण फेल हो रहे बोरिंग पॉइंट्स का निरीक्षण कर उन्होंने तकनीकी टीम को निर्देश दिए कि नए वाल्व लगाकर पानी का प्रेशर मेंटेन किया जाए, ताकि अंतिम छोर तक जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके।

#### लीकेज और नई सप्लाई व्यवस्था

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में शनि मंदिर के पीछे लंबे समय से पाइपलाइन लीकेज और कम प्रेशर की समस्या बनी हुई थी। नपा अध्यक्ष ने मौके पर ही निर्णय लिया कि इस क्षेत्र की लाइन को अब सीधे पानी की टंकी से जोड़ा जाएगा। इस बदलाव से लीकेज की समस्या खत्म होगी और पूरे क्षेत्र में पर्याप्त दबाव के साथ पानी पहुंच सकेगा। निरीक्षण के दौरान जल प्रभारी संजय दुबे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे जिन्हें तत्काल कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए।

#### गंदगी फैलाने वाले पर होगा एक्शन

जल संकट के साथ-साथ सफाई व्यवस्था को लेकर भी नपा अध्यक्ष सख्त नजर आए। हाउसिंग बोर्ड में खाली पड़े प्लॉटों पर जमा कचरे को देख उन्होंने नाराजगी जताई और स्वच्छता प्रभारी को संबंधित प्लॉट मालिकों को तत्काल लीगल नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि प्लॉट मालिकों को बाउंड्रीवॉल बनानी होगी, ताकि खाली भूखंड डंपिंग यार्ड न बनें। इस दौरान पार्षद नारायण सिंह ठाकुर, एल्डरमैन अतुल शुक्ला, आशीष मालवीय और रमेश धूरिया सहित स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

#### प्रेशर मैनेजमेंट

वार्ड 33 राठी कॉलोनी में नए वाल्व लगाकर अंतिम छोर तक पानी पहुंचाया जाएगा।

#### डायरेक्ट कनेक्शन

वार्ड 3 हाउसिंग बोर्ड की लाइन को सीधे पानी की टंकी से जोड़कर लीकेज की समस्या जड़ से खत्म होगी।

#### कानूनी कार्रवाई

खाली प्लॉटों पर गंदगी मिलने पर मालिकों को लीगल नोटिस और बाउंड्रीवॉल बनाने के निर्देश।

#### मैदानी निरीक्षण

नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने पार्षद और जल कार्य विभाग की टीम के साथ मौके पर सुनीं शिकायतें।

## प्रगणक व सुपरवाइजर का 3 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जनगणना 2027 कार्यक्रम में प्रगणकों एवं सुपरवाइजर के लिए द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हो गया है। यह प्रशिक्षण सेंट पैट्रिक्स स्कूल सोहागपुर में हुआ, जिसमें क्षेत्र के नामित प्रगणकों व सुपरवाइजर्स ने सहभागिता की। प्रशिक्षण दौरान प्रतिभागियों को जनगणना कार्य की महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं, डेटा संग्रहण की विधियों, मोबाइल/डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा निर्धारित प्रपत्रों को सही तरीके से भरने संबंधी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही फील्ड में आने वाली संभावित समस्याओं एवं उनके समाधान पर भी विशेष चर्चा की गई। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन मास्टर ट्रेनर्स बीआरसी राकेश रघुवंशी, रामकिशोर दुबे, विजेंद्र वर्मा, विपिन गिल्ला, राहुल तिवारी व जितेंद्र तिवारी द्वारा किया गया। जिन्होंने प्रतिभागियों को व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से कार्य की बारीकियों को समझाया। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताया।

## नल जल योजना को मरम्मत कर चालू किया सीरूपुरा को जल संकट से छुटकारा मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



गांवों में घर-घर पानी पहुंचाने के लिए जल जीवन मिशन जैसी महत्वकांक्षी योजना दम तोड़ चुकी थी। लोखरतलाई के टोला सीरूपुरा के ग्रामीण भीषण जलसंकट से जूझ रहे थे । 43 डिग्री तापमान में ग्रामीणों महिलाएं बच्चे 1 किमी दूर खेत में लगे बोरवेल से पीने का पानी लाने पर मजबूर हो रहे थे। भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे आदिवासियों की इस समस्या को 23 अप्रैल के अपने अंक में प्रकाशित किया था खबर का यह असर हुआ कि अधिकारियों के संज्ञान में यह समस्या आई और उन्होंने तुरंत ग्राम सीरूपुरा की नल जल योजना को मरम्मत कर चालू कर दिया । अब पाइप लाइन के द्वारा आदिवासियों के घर-घर तक पानी पहुंच रहा है । आदिवासी बेहद खुश हैं । अब खाना बनाने के लिए लाइट आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा और लाइट आने के बाद 1 किलोमीटर दूर खेत से पानी सर पर ठोकर नहीं लाना होगा । सरपंच प्रतिनिधि रवि गुप्ता, समाजसेवी सरवन कहार, जितेंद्र मालवीय ने आदिवासियों की भीषण पर जल संकट की समस्या को प्रमुखता से उठाने पर आभार प्रकट किया। खबर के असर से यह समस्या अधिकारियों के संज्ञान में आई और उन्होंने तुरंत ही ग्राम सीरूपुरा की नल जल योजना को चालू कर दी ।

## सोहागपुर नप ने बांधे पंछियों के लिए जलपात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर नप की ओर से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर में विविध स्थानों पर पक्षियों के लिए सकोरे लगाए गए हैं।

ताकि पक्षियों को तीखी गर्मी में पानी मिल सके। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के अनुसार जनता भी इस नेक कार्य को जरूर करे, ताकि पंछियों को पानी प्राप्त होता रहे।

## दुकानों में बगैर सील के नाप, तौल कांटे दुकानदार ग्राहकों को लगा रहे चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र से लेकर नगरपालिका परिषद क्षेत्र सहित के सभी छोटे बड़े व्यापारी वर्ग उपभोक्ताओं को लेकर गंभीर नहीं है। यहां तक कि अब तो जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के कार्यकाल में लगातार नापतोल विभाग लापरवाही सरेआम करने से पीछे नहीं है। नाप तौल कांटे पर देखा जा रहा है।कि लगभग जांच में 5 वर्ष से जिला विभाग नाप तौल कांटे विभाग के अधिकारी कर्मचारी पिपरिया आते ही नहीं है। देखा जा रहा है कि सब्जी मंडी में तुलावटी के तथा अनेक लोग फुटकर विक्रेता जो सब्जी फल आदि बैंच रहे हैं। उनके बांट से लेकर तराजू पर भी कोई पुख्ता सीलनही लगाईं गई है। जिसके कारण मटकुली पचमढ़ी सहित पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के किसी भी दुकानदार के बांट तौल कांटे विभाग द्वारा कोई सील नहीं लगाई गई है। इलेक्ट्रिक कांटे पर भी विभाग के अधिकारी कर्मचारी वर्ग को नियमानुसार खरीदी केंद्र पर जाकर तौल कांटे पर सिल नहीं है। उपभोक्ताओं को काफी नुकसानदायक होता जा रहा है। इस बात को लेकर जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने बताया कि जांच कराई जाएगी कैमरे में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। शीघ्र ही तौल कांटे विभाग की बैठक कर चर्चा करते हैं। और तौल कांटे पर सील लगवाई जाएगी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का किशोर सम्मेलन संपन्न हुआ

# युवाओं को किया संस्कार, शिक्षा, अनुशासन के प्रति जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

किशोर युवाओं को राष्ट्रभक्ति से जोड़ने व उनके मन में राष्ट्र के प्रति समर्पण भाव जगाने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वारा किशोर सम्मेलन का आयोजन सतत किया जा रहा है। इसी क्रम में गत दिवस सोहागपुर के एक गार्डन में क्षेत्र का किशोर सम्मेलन किया गया।

सम्मेलन में सोहागपुर खंड के विभिन्न ग्रामों के सैकड़ों युवा सम्मिलित हुए। यह सम्मेलन उत्साह,अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में शहर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे तथा बड़ी संख्या में बच्चों एवं किशोरों ने भी सहभागिता की। लगभग तीन घंटे चले किशोर सम्मेलन में सर्वप्रथम शाखा में विभिन्न तरह के खेल खिलाए गए। जिसमें घूमता किला, शेर बकरी, विचित्र छू, यह कश्मीर हमारा है, दंड पकड़ो, खो खो, टैंक युद्ध, गुरु चेला आदि खेल सम्मिलित थे। इसके पश्चात विभिन्न विषयों पर गटसह चर्चा एवं संवाद हुआ। जिसमें युवाओं को राष्ट्र निर्माण, संस्कार, शिक्षा, अनुशासन एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों ने खेलकूद व अन्य गतिविधियों में उत्साह के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने उल्लासपूर्ण वातावरण में अल्पाहार का आनंद भी लिया।





फोटो 01- सम्मेलन में उपस्थित किशोर बालक। फोटो 02-किशोरों को संबोधित करते वक्ता।

#### आज का किशोर, कल का नेतृत्वकर्ता

सम्मेलन में उपस्थित वक्ताओं के अनुसार संघ का कहना है आज का किशोर कल का नेतृत्वकर्ता है। इसलिए उनमें अच्छे संस्कार, सकारात्मक सोच एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होना अत्यंत आवश्यक है। इस किशोर सम्मेलन में कक्षा आठवीं से कक्षा 12 वीं तक के स्तर के युवा सम्मिलित हुए। संघ कार्यकर्ताओं के अनुसार समूचे देश में राष्ट्रवादी विचारधारा से नई पीढ़ी को जोड़ने के लिये किशोर सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।

### डोलरिया में जनगणना 2027 प्रशिक्षण का अंतिम बैच संपन्न

**सिवनी मालवा।** तहसील डोलरिया के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय डोलरिया में जनगणना 2027 के प्रशिक्षण कार्यक्रम का अंतिम बैच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अंतिम दिवस चार्ज जनगणना अधिकारी श्री अंकित मौर्य ने प्रशिक्षण में शामिल प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से पारस्परिक संवाद कर जनगणना कार्य की तैयारियों की समीक्षा की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रगणकों, पर्यवेक्षकों, फील्ड ट्रेनरों एवं उपस्थित कर्मचारियों को जनगणना 2027 के कार्य को निष्पक्ष, जिम्मेदारीपूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने जनगणना को राष्ट्रीय महत्व का कार्य बताते हुए सभी से पूर्ण समर्पण के साथ जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया।

## मटकुली उद्यान अधीक्षक ने रचा इतिहास सर्वाधिक राशि में नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत मटकुली में शासकीय उद्यान विभाग का बगीचा है। जिसमें लगभग 85एकड में उद्यान स्थापित है।जो लगभग 85एकड में बना हुआ है। विधानसभा क्षेत्र में पहली बार मटकुली का बगीचा 57 लाख रुपए में नीलाम किया गया है। इतिहास में पहली बार इतनी अधिक राशि में नीलामी हुई है। उद्यान अधीक्षक सदाशिव कनाते ने बताया कि नींबू की फसल का बगीचा भी इस बार 14लाख 50हजार रुपए में नीलाम किया गया है। इतिहास में पहली बार इतनी अधिक राशि जमा हुए हैं। सरकार के खाते में जमा है।याद रहे यही वर्ष 2026मे इतनी अधिक राशि जमा कराई गई है। नीलामी के दौरान सहायक संचालक उपसंचालक सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति आयोजित किया गया । लेकिन अभी तक सबसे ज्यादा मालामाल हुआ है। विभाग के उद्यान अधीक्षक की मेहनत रंग लाई गई है।याद रहे इसी में से कुछ भूमि रेशम केंद्र के पास ले।

## खबर संक्षेप

### जेल लोक अदालत का आयोजन आज

**हरदा।** जिला जेल, हरदा में जेल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। जेल लोक अदालत के आयोजन का मुख्य उद्देश्य जेल में निरूद्ध बंदियों के लंबित प्रकरणों का त्वरित और सौहार्दपूर्ण निराकरण करना है, ताकि उन्हें शीघ्र न्याय मिल सके।

### प्रदेश में गेहूं लक्ष्य 100 लाख टन

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने विपणन वर्ष 2026-27 के लिए मध्यप्रदेश के गेहूं खरीदी लक्ष्य में 22 लाख मीट्रिक टन की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। बढ़ोतरी के बाद प्रदेश का कुल गेहूं खरीदी लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 100 लाख मीट्रिक टन तय हुआ है।

### शुगर फैक्ट्री मंदिर में चित्रगुप्त प्रकटोत्सव छप्पन भोग बांटा

**सीहोर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वाधान में भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव आस्था और उत्साह से मनाया गया। शुगर फैक्ट्री स्थित मंदिर में पूजन व अभिषेक हुआ। इसके बाद भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की गई। गुरुवार सुबह पूर्ण विधि-विधान से विशेष अभिषेक किया गया। शाम को मंदिर परिसर में छप्पन भोग की प्रसादी बांटी गई।महासभा के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना ने बताया, प्रकटोत्सव गुरुवार को शुगर फैक्ट्री स्थित मंदिर में मनाया गया। सुबह विशेष अभिषेक हुआ। शाम को विशेष आरती हुई। पूजन हुआ। भोग लगाया गया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक रमेश सक्सेना, शैलेंद्र श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, अविनिश श्रीवास्तव, सौरभ खरे, एसडी सक्सेना, संजय श्रीवास्तव, शक्ति श्रीवास्तव, अजय सक्सेना, मनोज सक्सेना, विवेक सक्सेना मौजूद रहे।

### डीएसवाय ने सीहोर मिनी वाइज को 3-2 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में सीहोर मिनी बाइज को डीएसवाय ने 3-2 के रोमांचक मुकाबले में हराया। गुरुवार की शाम को हुए एक कांटे के मैच में सीहोर मिनी बाइज की टीम को डीएसवाय ने 3-2 से हराया। इस मैच में मिनी बाइज की ओर से राजवीर-चित्रांश ने एक-एक गोल किया।

### विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक संपन्न, शिक्षा की गुणवत्ता पर जोर

**भैरुंदा।** गुरुवार को सांदीपनि विद्यालय भैरूंदा में शिक्षा विभाग की विकासखंड स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन सहायक संचालक एवं बीईओ साक्षी जैन की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान परीक्षा परिणाम, नामांकन, ई-अटेंडेंस, प्रोफाइल अपडेट, छात्रवृत्ति स्वीकृति, अपार आईडी, द्वितीय परीक्षा हेतु विशेष कक्षाओं के संचालन तथा जल गंगा संवर्धन अभियान सहित अन्य विभागीय विषयों पर गहन चर्चा की गई। बीईओ साक्षी जैन ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि शासन एवं विभाग के निर्देशों का समयबद्ध और प्रभावी पालन सुनिश्चित किया जाए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए कहा।

## विधिक सहायता और विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया

# जेल में 170 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रिजनर हेल्थ कार्ड वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल हरदा में शनिवार को विधिक सहायता शिविर और स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में जिला जेल, हरदा में निरूद्ध 34 दोषसिद्ध बंदियों से पैनल अधिवक्तागण व लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा वन-टू-वन काउंसलिंग की गई। बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया तथा उन्हें अपील प्रस्तुत करने के संबंध में निःशुल्क विधिक सहायता की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही पैनल अधिवक्तागण व लीगल एड डिफेंस काउंसिल द्वारा विचाराधीन बंदियों से उनके प्रकरण के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें विधिक सहायता योजना के प्रावधानों के बारे में बताया गया। इस दौरान बताया गया कि वे भी निःशुल्क विधिक सहायता के पात्र है तथा यदि वे चाहे तो निःशुल्क विधिक सहायता अथवा सलाह, जिला प्राधिकरण द्वारा जिला जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में समय-समय पर प्राप्त कर सकते है।

शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे ने सभी दोषसिद्ध बंदियों से एक-एक कर उनके प्रकरणों की अपील किये जाने के संबंध में पूछताछ की गई तथा जिन बंदियों द्वारा अपील हेतु विधिक सहायता चाही गई उनके विधिक सहायता के आवेदन एवं दस्तावेज तैयार करवाये गए तथा विचाराधीन बंदियों को विधिक सहायता योजना, नालसा टोल फ्री नंबर 15100, लीगल एड क्लीनिक योजना, उनके संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। शिविर में कुल 170 बंदियों को विधिक सलाह और 03 बंदियों को विधिक सहायता प्रदान की गई।

स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, जिला क्षय अधिकारी मृत्युंजय सिंह गहलोद, ई.एन.टी राजेश सतीजा, डॉ. दीपक कुमार ठाकुर (मेडिसिन), डॉ. सुदर्शन मेडिकल आफिसर, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनू चोरे, सर्जन डॉ. मोहित गुप्ता, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुश्री शाह, नेत्र रोग सहायक दीक्षा काशिव एवं स्वास्थ्य विभाग की पैरामेडिकल टीम उपस्थित रही। टीम द्वारा महिला और पुरुष बंदियों की नाक, कान, गला, ब्लडप्रेशर, सुगर, टी.बी, दांत, हेपेटाईटिस की जांच की जाकर आवश्यकतानुसार दवाईयां वितरित की गई। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कुल 170 बंदियों 160 पुरुष एवं 10 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कोई भी बंदी विशिष्ट बीमारी एचआईव्ही, केंसर, टी.बी. हार्ट बीमारी आदि से ग्रसित नहीं पाया गया। शिविर में उपस्थित सभी बंदियों के हेल्थ कार्ड (जिसमें उनकी बीमारी के विवरण के साथ, कैदी को क्या करना है, क्या नहीं करना है, क्या खाना है, क्या नहीं खाना है के विवरण सहित) तैयार करवाये गये तथा वितरित किये गये। कार्यक्रम में सहायक जेल अधीक्षक संतोष हरयाल, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल जवाहर पारे, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल अनीस खान, असिस्टेंट लीगल एड काउंसिल अंतिमा चोलकर, पैनल लॉयर्स आर.सी. सोनी और अखिलेश राठौर, पैरालीगल वॉलंटियर्स ए.के. खरे और मोहन जाट, जेल एवं जिला प्राधिकरण का स्टाफ उपस्थित रहा।

## सीमांकन कार्य किया गया

# प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज के बायपास मार्ग का सर्वे प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिरकिया

प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज के बायपास मार्ग का सर्वे कार्य शनिवार को राजस्व विभाग ब्रिज कॉरपोरेशन के अधिकारियों द्वारा शुरू किया गया। चौकड़ी मार्ग से लगे हुए ईट भटटे से सर्वे कार्य शुरू होता हुआ नर्मदा जीनिग क्षेत्र में दिन भर जारी रहा। भूमि खसरा नंबर 97, 98 , 109 , 111, 112 142 और 144 में राजस्व विभाग द्वारा यह सर्वे सीमांकन कार्य किया। सीमांकन कार्य के लिए संबंधित किसानों को भी राजस्व विभाग द्वारा मौके पर बुलाया गया। मिली जानकारी के अनुसार ओवरब्रिज या बायपास मार्ग का सीमांकन एक तकनीकी और प्रशासनिक प्रक्रिया होती है। जिसमें सड़क मार्ग की सटीक सीमा तय की जाती है ताकि निर्माण, भूमि अधिग्रहण और उपयोग में स्पष्टता रहे। इसे आम तौर पर सर्वे विभाग और लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है। सीमांकन की मुख्य प्रक्रिया में सर्वेक्षण जमीन का टोटल स्टेशन, जीपीएस या ड्रोन से सर्वे किया जाता है। मौजूदा नक्शे और रेवेन्यू रिकॉर्ड से मिलान किया जाता है। डिज़ाइन और एलाइनमेंट तय करना सड़कओवरब्रिज का रूट फाइनल किया जाता है। यातायात, भू-स्थिति और पर्यावरण को ध्यान में रखा जाता है। सीमा चिन्ह लगाना सीमा चिन्ह लगाना जमीन पर पिलर लगाए जाते हैं। ये दर्शाते हैं कि सड़क की चौड़ाई और सीमा कहाँ तक है भूमि अधिग्रहण यदि निजी जमीन आती है, तो सरकार द्वारा अधिग्रहण किया जाता है मुआवजा तय किया जाता है। शनिवार को राजस्व विभाग द्वारा करीब 80 फीट की सड़क के लिए सर्वे कार्य किया गया एवं चूना लाइन डालने का काम किया गया।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर पत्रकार वार्ता

# महिलाओं की उड़ान व सशक्तीकरण की सबसे बड़ी बाधक कांग्रेस व उसके सहयोगीः नमिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कमल कुंज पर पत्रकार वार्ता का आयोजन हुआ। जिला मीडिया प्रभारी दीपक नेमा ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषय पर प्रदेश की मीडिया पैनलिस्ट नमीता अग्रवाल ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेश वर्मा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनिता अग्रवाल, जिला मंत्री पूजा शर्मा, प्रीती गहलोद, योगमाया शर्मा अनिता राठौर, जिला महामन्त्री बसंत राजपूत, राजेश गोदारा, देविसिंग सांखला विशेषरूप से उपस्थित रहे।

प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट नमीता अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी आधी आबादी यानी महिलाओ को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद का विशेष सत्र इसलिए बुलवाया था कि उस अधिनियम में संशोधन करके उसे पारित करवाया जा सके। ताकि 2029 में महिलाओं की भरपूर भागीदारी हो जो वे उसकी हकदार भी है। लेकिन एक छोटी मानसिकता के साथ इस महत्वपूर्ण बिल को गिराने का पाप कांग्रेस पार्टी व विपक्ष की पार्टियों ने किया है। जिसका खमियाजा आने वाले कई वर्षों तक उन्हें भुगतना पड़ेगा। भारतीय जनता पार्टी ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जहां पर महिलाओ को एक प्रेरणा दी जाती है व उनका मार्ग प्रशस्त किया जाता है ताकि वो आगे आये और अपने राजनीतिक जीवन के माध्यम से समाज की सेवा कर सके। हम कांग्रेस व विपक्षी पार्टियों की घोर निंदा करते है। इस अवसर पर महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## समाज को तीन दिन से धर्म पथ का आलौकिक ज्ञान का मार्ग दिखा रहे

# संत के सान्धिय से आध्यात्मिक उत्साह, धर्मलाभ ले रहे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

नगर की श्री दिगम्बर जैन समाज को लगातार दो सप्ताह से साधु संतों का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। गत दिवस जहाँ आर्यिका विज्ञानमती माता ससंघ का सान्ध्यि प्राप्त हुआ। दो दिनों से मुनिविनंद सागर महाराज ससंघ का उपस्थित है। इस अवसर को समाजजन अपने लिए सौभाग्य और पुण्य अर्जित करने का श्रेष्ठ अवसर मान रहे हैं। मुनिश्री नगर के चारों जैन मंदिरों से जुड़ी समाज को गत तीन दिनों से धर्म पथ का आलौकिक ज्ञान का मार्ग दिखा रहे है। जैन समाज के कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने बताया कि मुनिश्री विनंद सागर महाराज प्रतिदिन सुबह 9.00 बजे जीवन में धर्म और उसका प्रभाव विषय पर प्रवचन से उपस्थित श्रावकों को धर्म का ज्ञान करवा रहे है। वहीं दोपहर 3 बजे स्वाध्याय आनंदम से श्रावकों को लाभान्वित करते हुए धर्म का मार्ग बताते है। इसके पश्चात शाम 6:00 बजे गुरु भक्ति का कार्यक्रम आयोजित होता है। दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन ने समस्त समाजबंधुओं, माताओं, बहनों एवं युवा साथियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने तथा आयोजन व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने का विनम्र आग्रह किया गया है।

## भादूगांव में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ आज

**रहटगांव।** ग्राम भादूगांव स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में नवीन वेदी स्थापना के उपलक्ष्य में दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ 26 अप्रैल से हो रहा है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर जैन समाज में विशेष उत्साह और श्रद्धा का वातावरण बना हुआ है। महोत्सव पूज्य आचार्य विद्यासागर महाराज, आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि निर्णय सागर महाराज के आशीर्वाद से संपन्न होगा। वहीं प्रतिष्ठा कार्यक्रम पंडित ऋषभ कुमार शास्त्री (सागर) के मार्गदर्शन में संपादित किया जाएगा। आयोजन समिति के नवनीत जैन के अनुसार, आज रविवार को प्रातः 8 बजे अभिषेक शांतिधारा, 9:30 बजे घट यात्रा, 11 बजे वेदी शुद्धि, दोपहर 12 बजे भोजन, दोपहर 2 बजे याग मंडल विधान तथा शाम 6 बजे भोजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को प्रातः 8 बजे अभिषेक शांतिधारा, 9:30 बजे श्रीजी को वेदी पर विराजमान कराया जाएगा, 11 बजे हवन एवं दोपहर 12 बजे भोजन का आयोजन होगा।

## आंगनबाड़ी केंद्र पर महिला जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

# महिलाओं, बालिकाओं को अधिकार के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



वन स्टॉप सेंटर हरदा द्वारा शनिवार को ऑगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक में समापन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर की केस वर्कर रितु राजपूत ने महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा, बाल विवाह निषेध, दहेज प्रथा उन्मूलन तथा राज्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

इसके साथ ही हब फॉर एंपावरमेंट के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित स्वरोजगार योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। वन स्टॉप सेंटर द्वारा उपलब्ध सेवाओं जैसे परामर्श सहायता, विधिक सहायता, आश्रय सहायता, चिकित्सा सहायता एवं पुलिस सहायता की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930, आपातकालीन सेवा 112 एवं विधिक सेवा प्राधिकरण हेल्पलाइन 15100 के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में ऑगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 01, हरदा में परियोजना शहरी महिला एवं बाल विकास, हरदा पर्यवेक्षक भारती भल्लावी, कार्यकर्ता व सहायिकाएं, विधिक सहायता प्राधिकरण हरदा से पीएलवी शैफाली घावरी एवं वन स्टॉप सेंटर का स्टाफ भी मौजूद रहा।

## विश्व मलेरिया दिवस पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया

# मच्छरजन्य बीमारियों से बचाव के लिए शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




जिले को मलेरिया बीमारी से मुक्त करने के लिये प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय हरदा में मच्छरजन्य बीमारियों से बचाव, नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु शपथ दिलाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी.सिंह ने बताया कि मलेरिया से मुक्ति के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना है, इसके लिये भारत शासन द्वारा वर्ष 2026 में विश्व मलेरिया दिवस की थीम मलेरिया समाप्ति के लिए संकल्पितः अब हम कर सकते है, अब हमें करना ही होगा पर कार्य किया जाना है। शनिवार को विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी हरदा में आशा कार्यकर्ताओं की कार्यशाला का आयोजन कर लार्वा सर्वे कार्य एवं फीवर सर्वे कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। विश्व मलेरिया दिवस पर जिला मुख्यालय एवं स्वास्थ्य संस्थाओ में शपथ आयोजन, नारे लेखन कार्य, एवं प्रचार-प्रसार कार्य एवं आमजन में मच्छरजनित बीमारियों के बचाव संबंधी जनजागरूकता हेतु माईकिंग कार्य एवं पंपलेट्स वितरण कार्य कराया जा रहा है। डॉ. सिंह ने बताया कि जिले में मलेरिया उन्मूलन हेतु सभी स्वास्थ्य संस्थाओ में बुखार के मरीजो की मलेरिया जॉच एवं उपचार निःशुल्क की जा रही है। ग्राम स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओ के द्वारा घर-घर जाकर मलेरिया रैपिड डायग्नोस्टिक किट के माध्यम से मलेरिया की जॉच की जा रही है।

## ढाबे पर खड़े ट्रक में लगी आगः सागर से इंदौर जा रहे वाहन का सामान जला, गत्ते से भरा था ट्रक

**सीहोर।** शहर के खड़ी जोड़ स्थित एक ढाबे पर शुक्रवार को खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि ट्रक और उसमें रखा पूरा सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रक सागर से इंदौर के पीथमपुर जा रहा था और रास्ते में अन्नपूर्णा ढाबे पर खड़ा था।



ट्रक में गत्ते भरे हुए थे, जिससे आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। वाहन एक निजी कंपनी का बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक ट्रक पूरी तरह जल चुका था। जिले में इन दिनों तापमान करीब 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। तेज गर्मी और लू के चलते आगजनी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखी जा रही है। बीते दिनों इंदौर-भोपाल हाईवे पर एक इलेक्ट्रॉनिक बाइक में आग लगने की घटना सामने आई थी। लगातार बढ़ती गर्मी के बीच इस तरह की घटनाएं चिंता का विषय बनती जा रही हैं।

## परशुराम जयंती महोत्सव का अंतिम दिन सौहार्द्र का प्रतीक बना

# ब्राह्मण समाज की शोभायात्रा का मुस्लिम समाज ने स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

पांच दिवसीय परशुराम जयंती महोत्सव के अंतिम दिन शुक्रवार शाम को सर्व ब्राह्मण समाज ने शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने भी अन्नापुरा में शोभायात्रा का स्वागत किया, जो सांप्रदायिक सौहार्द्र का प्रतीक बना। शोभायात्रा में समाज की बेटियों, महिलाओं और पुरुषों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने भगवान परशुराम के जयकारे लगाए।

पुलिस और जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। यात्रा में आकर्षक झांकियां निकाली गईं, जो लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह विप्र समाज के लोगों ने जलपान की व्यवस्था की थी। राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने भी पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। डीजे की धुन पर युवा वर्ग 'जय जय परशुराम' और 'ब्राह्मण एकता जिंदाबाद' जैसे नारों के साथ उत्साह में झूमता नजर आया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज की एकता पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने समाज को संगठित होकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने और निर्धन ब्राह्मण परिवारों के उत्थान के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। यह शोभायात्रा मिडिल स्कूल ग्राउंड से शुरू होकर चांडक चौक, घंटाघर, जैसानी चौक होते हुए परशुराम चौक पहुंची। परशुराम चौक पर प्रतीक चिन्ह का पूजन किया गया, जिसके बाद शोभायात्रा वापस मिडिल स्कूल ग्राउंड पर समाप्त हुई। यात्रा समापन के बाद गंगा आरती की तर्ज पर महाआरती की गई। सफल आयोजन पर अध्यक्ष सुनील तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

